प्रथमा तृतीय वर्ष (8वीं) 2025-26
विषय कोड - 0809
विषय - हिन्दी

(2)

प्रश्निक कोड
2609

आदर्श उत्तर

(2)

उत्तर-1 सही विकल्प 5

(1) (क) भगवान शिव से
(2) (क) धर्म + आत्मा
(3) (ख) उत्साह
(4) (ग) हिन्दुस्तान की तलवार से
(5) (क) 362

उत्तर-2 रिक्त स्थान 5

(1) शतावधानी
(2) मान्धाता
(3) भृंगु
(4) घबरा जाना
(5) रजनी

उत्तर 3. सही जोड़िया 5

शंखनाद - तत्पुरुष समास
धर्म से संबंधित - धार्मिक
श्रीमद्भगवद्गीता - महाभारत
कम खाने वाला - मिताहारी
सफलता - असफलता

उत्तर-4	उपसर्ग - प्रत्यय	3
(1)	अ + खण्ड	
(2)	प्र + सिद्ध	
(3)	पारि + आवरण	
(4)	सज + आवट	
(5)	लिख + आई	
उत्तर-5	वाक्य भेद	2
(1)	प्रश्नवाचक	
(2)	इच्छावाचक	
उत्तर-6	प्रश्न-उत्तर	18
(1)	तुलसीदास जी ने अपने ग्रन्थों में श्रीराम को केन्द्र में रखकर की है।	
(2)	पाषाण युग का मानव पत्थरों के औजार बनाकर हिंसक जानवरों से अपनी रक्षा करने वाला आदिमानव था अर्थात वह आदिमानव सा जीवन जीता था।	
(3)	राक्षस सेना के चलने पर दिशाओं के हाथी डिगने लगे। पृथ्वी अकुला उठी।	

④ नर्मदा के तट पर शिव का मंदिर इन्दौर की महारानी अहिल्याबाई ने बनवाया था।

⑤ कोयल और कौए की वाणी में मुख्य अंतर मधुरता और कर्कशता का होता है।

⑥ सामने वाले को अपने से अधिक शक्तिशाली मान लेने से हमारी शक्ति आधी हो जाती है।

उत्तर-7 लघु उत्तरीय 20

① मीरा कृष्ण की अनन्य भक्त थी। वह कृष्ण को प्राप्त करने के लिए साधु-संगति करती थी। उन्होंने भक्ति के लिए परिवार, संसार के सुखों का त्याग कर दिया।

② लेखक विधाता को यह चुनौती देना चाहता है कि संगमरमर के शिखरों पर खड़े होकर उसे रुक-सा बनाकर दिखाने की कोशिश करे।

③ आर्यभट को प्राचीन भारतीय विज्ञान का सबसे चमकीला सितारा इसलिए कहा जाता है, उन्होंने अंतरिक्ष, गणित, ज्योतिष के क्षेत्र में कई सटीक एवं वैज्ञानिक खोजें की है।

(4) वसीयतनामे में यह लिखा था कि "मेरी जायदाद मेरे तीन पुत्रों में बाँट दी जाए और विवाद की स्थिति में जो भी निष्पक्ष न्याय करे, उससे मेरी पुत्री का विवाह कर दिया जाए।

(5) रेडक्रास के सदस्य मानवता की सेवा का कार्य करते है।

(6) चित्तौड़ युद्ध में राजपूतों की हार पर राजपूत स्त्रियों ने अपने स्त्रीत्व की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान करना उचित समझा, इसलिए उन्होंने सामूहिक रूप से जौहर किया।

उत्तर-8 मध्यप्रदेश के विभिन्न भागों में किये गये उत्खननों और खोजों में प्रागैतिहासिक सभ्यता के चिन्ह एवं प्राचीनतम आदि मानवों के छह लाख वर्ष पुराने अवशेष मिले हैं। इन खोजों के आधार पर मध्य-प्रदेश को आदि मानव की जीवन स्थली कहा जाता है। 5

अथवा

गाँधीजी ने भारतीयों के हितों की रक्षा के लिए एक स्थायी संगठन बनाया और उसका नाम नेटाल इण्डियन कांग्रेस रखा। इसकी स्थापना 22 अगस्त, 1914 को हुई थी।

उत्तर 9. गाँधी जी आदर्श शिक्षा उसे मानते थे, जिसके द्वारा व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक और आर्थिक विकास हो। वे बच्चों को हस्तकौशल की शिक्षा देने पर अधिक बल देते थे। क्योंकि उसके जरिए बच्चा कई विषयों का ज्ञान प्राप्त कर लेता था। 5

अथवा

बिरसा मुण्डा ने ब्रिटिश शासन के अत्याचार एवं शोषण के विरुद्ध अपना आन्दोलन तेज किया। यह आन्दोलन मानवता की रक्षा के लिए था। वह शोषकों से मुकाबला करने के लिए आन्दोलन की गति को तेज कर रहा था।

उत्तर-10 सप्रसंग पद्यांश की व्याख्या 5

पाठ का नाम - पथिक से

कवि का नाम - डॉ. शिवमंगल सिंह "सुमन"

प्रसंग - कवि पथिक को कर्तव्य पथ पर चलने की प्रेरणा देता है।

व्याख्या - कवि पथिक को सचेत करते हुए कहता है कि हे पथिक! कहीं रास्ता मत भूल जाना। पथ में काँटे, दुर्गन्दिल, नदी, तालाब, सुन्दर पर्वत, जंगल, बावड़ी, झरने आदि सभी दृश्य अपने सौन्दर्य से तुम्हे आकर्षित करेंगे। लेकिन ये सब केवल मृगतृष्णा है। इस मृगतृष्णा के आकर्षण में तुम अपना कर्तव्य पथ पर भूल मत जाना।

उत्तर-11. गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या 5

पाठ का नाम - भेड़ाघाट

लेखक का नाम - श्री माखनलाल चतुर्वेदी

प्रसंग - इस पंक्ति में भेड़ाघाट स्थित नर्मदा के सौन्दर्य के बारे में कहा गया है।

व्याख्या - लेखक का कथन है कि चाँदनी रात्रि में नर्मदा चाँदी जैसी चमकती दिखाई देती है तथा दिन में सूर्य के प्रकाश में यह तप्त हो जाती है।

उत्तर-12. गद्यांश के उत्तर 4

(1) बंदर जंगल में खेल रहा था।
(2) बंदर ने बहुत सारे फल देखे।
(3) वृक्ष, तरु, पादप, विटप, गाछ।
(4) खुशी से बंदर नाच रहा था।

उत्तर-13. पद्यांश के उत्तर 4

(1) वसंत
(2) संतुष्टि
(3) हृदय में सुगंध की अनुभूति
(4) वसंत ऋतु

उत्तर-14	आवेदन पत्र / पत्र	6
	सम्बोधन - 1 विषयवस्तु - 1 मध्यभाग - 3 समापन - 1	
उत्तर-15	निबंध	8
	रूपरेखा - 2 मध्यभाग - 5 उपसंहार - 1	